# जिला चिकित्सालय में मरीजों के भोजन पर सवाल

**ठेकेदार व जांच समिति की मिलीभगत का आरोप, कलेक्टर से स्वतंत्र जांच की मांग**

**सिवनी नवभारत। जिला चिकित्सालय सिवनी की भोजन व्यवस्था को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर ने कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन और नाश्ते की गुणवत्ता एवं वितरण प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। शिकायत में ठेकेदार और चिकित्सालय की जांच समिति के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।**

शिकायत के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं टेंडर की शर्तों के तहत मरीजों को ट्रे/कवर प्लेट में भोजन एवं नाश्ता उनके पलंग तक पहुंचाया जाना अनिवार्य है। आरोप है कि सभी वार्डों में न तो ट्रे का उपयोग किया जा रहा है और न ही मरीजों को बिस्तर तक भोजन पहुंचाया जाता है। कई मरीजों को स्वयं भोजन लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो गंभीर मरीजों के लिए अत्यंत कष्टदायक स्थिति है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि चिकित्सालय द्वारा गठित जांच समिति इन कमियों को जानते हुए भी भोजन व्यवस्था को 'ओके' कर रही है। इससे ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाने और शासन के धन के दुरुपयोग की आशंका जताई गई है। शिकायत में कहा गया है कि यदि जांच समिति अपनी जिम्मेदारी का सही निर्वहन करती, तो ऐसी अनियमितताएं सामने नहीं आतीं।

### टेंडर शर्तों के उल्लंघन का आरोप








### गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रहा निर्धारित आहार

मामले में यह भी उल्लेख किया गया है कि गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले फल, फरूट सोंठ के लड्डू और गर्म दूध नियमित रूप से उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। कई बार दूध ठंडा दिया जाता है या बिल्कुल नहीं दिया जाता, जो स्वास्थ्य मानकों के विपरीत है। इसे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बताया गया है।

### तत्काल निष्पक्ष जांच की मांग

ठेकेदार और संबंधित जांच समिति की भूमिका की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। टेंडर शर्तों के अनुसार ट्रे में पलंग तक भोजन/नाश्ता एवं गर्भवती महिलाओं को फल, लड्डू और गर्म दूध की अनिवार्य उपलब्धता होती है। जिसका पालन नहीं किया जा रहा। दोषी पाए जाने पर ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर विभागीय कार्रवाई की जाए। इसी तरह प्रतिदिन भोजन/नाश्ता वितरण की नियमित निगरानी व्यवस्था लागू की जाए।

### उच्च स्तर तक जाने की चेतावनी

शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों और न्यायालय की शरण लेने के लिए बाध्य होंगे ।जिला चिकित्सालय में मरीजों के भोजन जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर उठे ये सवाल स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# कतिया समाज का परिचय सम्मेलन 18 अप्रैल को

**सिवनी नवभारत।** म.प्र. कतिया समाज संस्था, जिला-शाखा सिवनी (पंजीयन क्र. 10277) द्वारा वर्ष 2026 का बहुप्रतीक्षित परिचय सम्मेलन आगामी 18 अप्रैल शनिवार, प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। समाज के युवक-युवतियों के उज्ज्वल भविष्य एवं वैवाहिक परिचय के उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।



संस्था द्वारा समस्त सामाजिक बंधुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने परिवार सहित तथा योग्य युवक-युवतियों को साथ लेकर सम्मेलन में उपस्थित हों, ताकि आपसी परिचय और संवाद के माध्यम से समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा मिल सके।

यह आयोजन राजश्री पैलेस, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, छिंदवाड़ा रोड, सिवनी (म.प्र.) में संपन्न होगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संस्था द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें युवक-युवतियों को एक मंच पर परिचय का अवसर प्राप्त होगा और पारिवारिक समन्वय को सुदृढ़ किया जाएगा। संपर्क हेतु 9424383641, 9425179184, 9685660468, 8989849328, 8720030462 से संपर्क किया जा सकता है।

# रजनीश ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को 'स्वर्गीय' लिख दी श्रद्धांजलि

**फेसबुक पोस्ट पर मचा बवाल सोशल मीडिया पर हो रही जमकर आलोचना**

**केवलारी नवभारत।** हमेशा से अपने अलग अंदाज से सोसलमीडिया में छाए रहने वाले केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर की गई एक पोस्ट को लेकर राजनीतिक और सोशल मीडिया हलकों में हलचल मच गई। विधायक की ओर से फेसबुक पोस्ट के द्वारा साझा की गई पोस्ट में कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश मरावी को स्वर्गीय बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर दी गई। जबकि नरेश मरावी जीवित और रजनीश के साथ फोटो में दिखाई भी दे रहे हैं। पोस्ट वायरल होते ही सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाओं और ट्रोलिंग का सिलसिला शुरू हो गया।

जानकारी के अनुसार, पोस्ट में श्रद्धांजलि संदेश लिखे जाने के बाद उपयोगकर्ताओं ने तुरंत इस पर आपत्ति जताई और इसे गंभीर चूक बताया। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में व्यंग्यात्मक प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ यूजर्स ने लिखा, थोड़ा कम लिया करो, तो कुछ ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस को निपटा के ही मानेंगे ।वहीं अन्य लोगों ने इसे सोशल मीडिया टीम की लापरवाही बताया। पोस्ट तेजी से वायरल होने लगी और स्क्रीनशॉट भी साझा किए जाने लगे। बढ़ती प्रतिक्रियाओं के बीच बाद में उक्त पोस्ट को एडिट कर लिया गया।



दरअसल केवलारी विधायक रजनीश सिंह कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश मरावी की माताजी के देवलोक गमन पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे जहां फोटो खिंचवाने बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर यह पोस्ट की थी जहां उनसे ये चूक हुई थी। हालांकि तब तक यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन चुका था। विपक्षी कार्यकर्ताओं और आम यूजर्स ने इसे गैर-जिम्मेदाराना और असावधानीपूर्ण बताया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सोशल मीडिया के दौर में सार्वजनिक प्रतिनिधियों द्वारा साझा की जाने वाली सामग्री में विशेष सावधानी अपेक्षित होती है, क्योंकि छोटी सी त्रुटि भी बड़े विवाद का कारण बन सकती है। वहीं कुछ समर्थकों का कहना है कि यह मानवीय भूल हो सकती है, जिसे अनावश्यक रूप से तूल दिया जा रहा है।

# जल संकट की आहट, तेजी से घट रहा बैनगंगा नदी का जल स्तर

**छपारा नवभारत।** यूँ तो इस बार जिले के साथ छपारा जनपद क्षेत्र में औसत से ज्यादा बारिश हुई थी, किन्तु इसके बाद भी फरवरी माह से ही जल संकट की आहट सुनाई देने लगी है, वहीं आगामी ग्रीष्म ऋतु आते आते शायद भयावह स्थिति निर्मित हो जाए। ज्ञात हो कि सिवनी जिले की जीवन रेखा माने जाने वाली बैनगंगा गंगा नदी जिससे सिवनी शहर सहित नदी तट के सैंकड़ों गांव को पानी देने वाली उक्त बैनगंगा नदी पतली धारा में तब्दील हो रही है जिससे आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल संकट की स्थिति बन सकती हैं ।वहीं छपारा नगर के कुछ वार्डो में जल संकट की स्थिति बनी है रहती हैं जिसमें संजय कॉलोनी क्षेत्र सहित लालमाटी में पेयजल जल संकट बना ही रहता है,साथ ही जमीनी जल स्तर गिरने से घरों में स्थित निजी ट्यूब बैल भी धीरे धीरे अब दम तोड़ रहे हैं ।जिसको देखकर आगामी गर्मी के महीने कैसे कटेंगे इसको लेकर संशय बना हुआ है।





### अभी नहीं संभले तो देर होना निश्चित है

वर्तमान समय में ही घटते जल स्तर को देखते हुए यही स्थिति रही तो छपारा नगर में आगामी दिनों में पेयजल संकट की स्थिति बनना निश्चित है। ज्ञात हो कि पूर्व के वर्षों में मई माह में जल स्रोतों के सूख जाने से पालतू पशुओं से लेकर पक्षियों के लिए पेयजल जैसी समस्या खड़ी होती थीं। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की बैनगंगा नदी के भीमगढ जलाशय से बालाघाट एवं अन्य क्षेत्रों के लिए नहरों से पानी छोडे जाने के बाद छोटी सी नाली में बदल रही है। साथ ही जानकारों की माने तो इसकी मुख्य वजह नदी की गहराई खत्म हो रही हैं जिसको लेकर ना तो प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्यवाही कि जा रही ना तो जमीनी स्तर पर कोई काम हो रहा हैं जिस वजह से हर वर्ष पानी फैल ज्यादा रहा है और सिंचाई चालू होने से जल्द ही खत्म हो जाता हैं। वहीं क्षेत्र में तेजी से घट रहे जल स्तर से जहां लोगों को आगामी दिनों के लिए फिक्रमंद कर रही है।

## एक नजर में

### सिवनी में संघ प्रचारक ने किया देहदान का संकल्प



सिवनी। समाज सेवा और राष्ट्रभक्ति के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक लाल बिहारी सिंह ने मृत्यु पश्चात अपना शरीर चिकित्सा शोध और शिक्षा के लिए दान करने का संकल्प लिया है। जूना बिलासपुर स्थित कालकर कुंज संघ कार्याल में यह कार्यक्रम 'देहदान संकल्प दिवस' के रूप में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें स्थापना वर्ष (शताब्दी वर्ष) के उपलक्ष्य में समाज को सार्थक संदेश देने के उद्देश्य से मूलत: जशपुर जिले के ग्राम टुकुटोली निवासी श्री सिंह ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि उन्होंने सितंबर 1984 में इसी कालकर कुंज कार्यालय से अपने प्रचारक जीवन की शुरुआत की थी। वे महाकौशल प्रांत में लंबे समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे। लाल बिहारी सिंह जी प्रांत सेवा प्रमुख तथा सिवनी जिले में जिला प्रचारक के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। अपने उद्बोधन में लाल बिहारी सिंह ने कहा, नदियाँ दूसरों के लिए बहती हैं, वृक्ष दूसरों को छाया और फल देते हैं, गौ माता दूसरों का पालन करती है। इसलिए हमारा जीवन भी हर अवस्था में समाज के लिए होना चाहिए। देहदान उसी समर्पण की सर्वोच्च भावना है। लाल बिहारी का यह संकल्प न केवल चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि समाज में सेवा, त्याग और मानवता की भावना को भी सशक्त करेगा।

### सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति समारोह 16 फरवरी को

**सिवनी।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं सुप्रसिद्ध कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान जी का स्मृति समारोह इस वर्ष दिनांक 16 फरवरी 2026 दिन सोमवार को दोपहर 1:00 से सिवनी से नागपुर मार्ग पर स्थित सुभद्रा स्मारक कलबोड़ी में आयोजित किया जाएगा। यहां विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि सुभद्रा कुमारी चौहान जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष सुभद्रा स्मृति समारोह के रूप में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। चूंकि इस वर्ष 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व आ रहा है इसीलिए इस वर्ष यह कार्यक्रम 15 फरवरी के स्थान पर दिनांक 16 फरवरी दिन सोमवार को दोपहर 1:00 से आयोजित किया जाएगा। सुभद्रा स्मृति कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रद्धांजलि अर्पित की जावेगी तत्पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। अंत में उपस्थित कवि गणों के द्वारा काव्यांजलि प्रस्तुत की जावेगी।

# गुजरात ने शूटआउट में मारी बाजी, सेमीफाइनल में एंट्री

**अब भोपाल 11, मुंबई, बिलासपुर अकेडमी और गुजरात में होगा महासंग्राम**

**सिवनी नवभारत।** पुलिस ग्राउंड में स्व. श्री सौभाग्यचंद मालू स्मृति में आयोजित अशोक एण्ड अशोक अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में बुधवार को खेला गया क्वार्टर फाइनल मुकाबला रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंच गया। दर्शकों की सांसें थाम देने वाले इस मुकाबले में गुजरात ने अमरावती को शूटआउट में एक गोल से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

शुरुआत अमरावती की, पलटवार गुजरात का मैच के पहले क्वार्टर में अमरावती ने आक्रामक खेल दिखाते हुए दो गोल दागकर बढ़त बना ली। लगा कि मुकाबला एकतरफा हो जाएगा, लेकिन दूसरे क्वार्टर में गुजरात ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार तीन गोल ठोक दिए और मैच का रुख बदल दिया। अंतिम समय में अमरावती ने फिर से पलटवार करते हुए बराबरी का गोल कर दिया। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर छूटा और नतीजा पहुंचा शूटआउट तक।

शूटआउट में दोनों टीमों के खिलाड़ी दबाव में दिखे, लेकिन गुजरात ने संयम बनाए रखा और एक गोल की बढ़त से जीत दर्ज कर ली। जैसे ही निर्णायक गोल हुआ, स्टेडियम तालियों और नारों से गूंज उठा।

अब सेमीफाइनल में गुजरात के साथ भोपाल 11 व मुंबई एवं बिलासपुर अकैडमी ने जगह बनाई है। 12 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे से पुलिस ग्राउंड में सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। दर्शकों में भारी उत्साह है और अनुमान लगाया जा रहा है कि मैदान खचाखच भरा रहेगा। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी अब्दुल काबिज खान ने बताया कि टूर्नामेंट अब अंतिम चरण में है और हर गोल पर खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया जा रहा है। बाहर से आई टीमों की मेहमाननवाजी और खेल प्रेमियों का समर्थन इस प्रतियोगिता को विशेष बना रहा है।

# खेलो इंडिया के अंतर्गत आयोजित हुई अस्मिता महिला सेपक टाकरा लीग



**सिवनी नवभारत।** शहर की उप नगरी भैरोगंज सिवनी में खेलो इंडिया अस्मिता लीग 2025-26 का आयोजन द बीकन स्कूल परतापुर रोड भैरोगंज के ग्राउंड में सफलतापूर्वक आयोजित किया जिसमें लगभग 100 से अधिक खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया और सभी प्रतिभागी महिला खिलाड़ी प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर खेल की तकनीकी को समझा एवं खेल से संबंधित बारीकियां समझ पाए भारत सरकार खेलो इंडिया अस्मिता सेपकटाकरा खेल का आयोजन सिवनी में होना बड़े अचीवमेंट में से एक है जिसमें बरघाट के खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया सेपक टाकरा संघ के सचिव रघुनाथ निर्मलकर ने जानकारी साझा की ओर बताया कि यह प्रतियोगिता के लिए प्रदेश स्तर पर उन्होंने निरंतर अपने प्रयास से इसे अपने शहर में आयोजित करवाया मुख्य अतिथि सीमा चौहान अध्यक्ष मातृशक्ति संगठन सिवनी की गरिमामई उपस्थिति में खिलाड़ियों को ऊर्जावान बनाने के लिए कहां की सामने जो कतार में खड़ी बालिका है वही भविष्य में खिलाड़ी के रूप में हमारे सामने दिखती है व दिखेंगी सहसचिव मधुरिमा सक्सेना,सरोज बेस,अनीता परमार ,कृति श्रीवास्तव मातृ शक्तिसंगठन की अन्य साथियों के साथ सेपक टकरा की बॉल को उछलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वहीं भैरोगंज से उभरते युवा नेता भुनेश कुल्हाड़े उनके साथी विनय सेन ओर सिवनी कबड्डी एकेडमी से प्रशांत परतें ने भी खेल के मध्य में अपनी उपस्थिति ओर उद्बोधन से खिलाड़ियों में ऊर्जा का प्रभाह निर्मित कर प्रतियोगिता को अंत तक बारीकि से देखा और समझा संपूर्ण प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश सेपक टाकरा एसोशियसन के प्रदेश सचिव प्रतीक केसरवानी और इंटरनेशनल रेफरी आशीष मिश्रा,श्री मनीष पटेल अध्यक्ष सिवनी सेपक टाकरा एसोशियसन के सीनियर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्रफुल्ल बघेल स्टेट रेफरी राज्य रेफरी हिमांशु सर सुश्री वंशिका मैडमसुश्री खुशबू मैडम सुश्री वर्षा मैडम मिस.रिया मैडम ने प्रतियोगिता को सम्पन्न करने में जबलपुर ओर शहडोल से आए निर्णायकों की अहम भूमिका रही एवं सहायक के रूप में सुनील मर्सकोले पीटीआई प्रेम श्रीवास्तव पीटीआई अनिल कनोजिया पीटीआई खैररांजी ( अध्यक्ष सिवनी कबड्डी एकेडमी),राहुल सर पीटीआई केंद्रीय विद्यालय सिवनी,लोकेन्द्र चौहानिया पोदार स्कूल एथलेटिक्स कोच प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा।

**ऐसा रहा परिणाम**

**गोल्ड मेडल**
1 .खुशी प्रजापति
2 आरती बघेल
3 वैदेही नायक
4 अदिति बघेल
5 राधिका डहेरिया

**सिल्वर**
1 खुशी
2 नित्या शरणागत
3 अराधना बघेल
4 श्रजला यादव
5 अस्थिति परते

**कांस पदक**
1 तनु पटले
2 वैष्णवी बघेल
3 आंशिक जैन
4 डागर राहंगडाले
5 षष्ठी टेमरे

**जूनियर वर्ग**

**गोल्ड**
1 दुर्गेश्वरी
2 भाग्यश्री
3 माही ठाकरे
4 कशिश बट्टी
5 धानेश्वरी

**सिल्वर**
1 प्रज्ञा सैयाम
2 प्रिया जांघेला
3 मीनाक्षी जाटव
4 अनुष्का पंचेश्वर
5 तनुश्री पंचेश्वर

**ब्रॉन्ज मेडल**
1 ख्याति नागौरा
2 योगी ब्रह्मे
3 हुबीरा कुरैशी
4 प्रतिज्ञा चौधरी

**सीनियर वर्ग**

**गोल्ड**
1 हरर्विता उइके
2 मोनिका अर्खारे
3 अंकिता राय
4 इशिका बोपचे
5 सरिता सारठिया

**सिल्वर**
1 देविका साहू
2 निर्मिता साहू
3 संगीता
4 आरोही

**ब्रॉंज मेडल**
1 दिशा पटले
2 भावना इनवाती
3 राधिका परते
4 सपना चंद्रवंशी
5 प्राची साहूं

**घोटाला** | **अनुच्छेद 14 और 21 का खुला उल्लंघन, क्या लखनादौन पुलिस और प्रशासन ने माफियाओं को संस्थागत संरक्षण दे दिया है**

# 100 करोड़ के मूंग घोटाले पर प्रशासन की अपराधिक चुप्पी!

सिवनी नवभारत। लोकतंत्र में जब रक्षक ही भक्षक की ढाल बन जाएं, तो न्याय की उम्मीद दम तोड़ने लगती है। लखनादौन का मूंग महाघोटाला अब केवल वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि प्रशासनिक भ्रष्टाचार का वह चरम बिंदु है जहाँ संविधान की मूल भावना को ही बंधक बना लिया गया है। 100 करोड़ रुपये की इस सरकारी डकैती में 120 फर्जी नामों का खेल उजागर होने के बावजूद, 138 दिनों की कुंभकर्णी नींद यह सिद्ध करती है कि प्रशासन और अपराधियों के बीच नापाक जुगलबंदी का अभेद्य किला बन चुका है।



**114 अपराधियों को अभयदान देने की साजिश?**

भारत के संविधान के अनुसार कानून की दृष्टि में सब समान हैं, लेकिन लखनादौन तहसीलदार की कार्यप्रणाली इस सिद्धांत को ठेंगा दिखा रही है। जब शिकायत 120 फर्जी किसानों की है, तो केवल 6 नामों पर जांच को केंद्रित करना संवैधानिक धोखाधड़ी है। यह बाकी 114 भू-माफियाओं और बिचौलियों को क्लीन चिट देने का एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक एग्जिट गेट तैयार करना है। क्या इन 6 नामों का शिगूफा केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए छोड़ा गया है? एसडीएम कार्यालय के आदेश क्रमांक 1781 की 138 दिनों तक अवहेलना करना सीधे तौर पर प्रशासनिक विद्रोह की श्रेणी में आता है। धारा 166 (IPC/BNS) के तहत लोक सेवक द्वारा कानून की अवज्ञा करना दंडनीय अपराध है, फिर भी लखनादौन के जिम्मेदार अधिकारी जांच फाइल पर कुंडली मारकर बैठे हैं। यह गोल्डन टाइम केवल और केवल अपराधियों को साक्ष्य नष्ट करने और रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के लिए दिया जा रहा है।

**पुलिस की भूमिका पर सवाल**

सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक फैसले के अनुसार, संज्ञेय अपराध की सूचना मिलते ही तत्काल एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है। करोड़ों की हेराफेरी, कूट रचित दस्तावेज और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामलों में लखनादौन पुलिस का स्नह्लढ्ढक्रदर्ज न करना सीधे तौर पर न्यायपालिका के आदेशों की अवमानना है। क्या खाकी का इकबाल अब भू-माफियाओं के तलवों के नीचे दब गया है?

### दो-टूक मांग, जनता मांगे हिसाब!

लखनादौन की जनता और किसान संगठन अब मूकदर्शक नहीं रहेंगे। हमारी स्पष्ट मांग है द्दस्-है कि केवल 6 नहीं, बल्कि सभी 120 फर्जी लाभार्थियों और उन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज हो। मामला 100 करोड़ के पार है, अत: इसकी जांच तत्काल आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को सौंपी जाए। भ्रष्टाचार से अर्जित समस्त अवैध संपत्ति को राजसात किया जाए। यदि आगामी समय में प्रशासन अपनी अपराधिक खामोशी नहीं तोड़ता, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि लखनादौन में कानून का राज नहीं, बल्कि माफिया राज स्थापित हो चुका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस से भागना और सवालों से बचना इस बात की पुष्टि है कि भ्रष्टाचार की आंच ऊपर तक पहुंच चुकी है।

**डिजिटल साक्ष्य और सैटेलाइट की दस्तक**

प्रशासन भले ही फाइलें दबा दे, लेकिन रिमोट सेंसिंग डेटा और सैटेलाइट इमेजरी यह गवाही देने को तैयार हैं कि जिन खेतों में करोड़ों की मूंग पैदा होना दिखाया गया, वहां बंजर जमीन धूल उड़ा रही थी। जब आधुनिक तकनीक झूठ पकड़ सकती है, तो प्रशासन की आंखें क्यों बंद हैं?

# संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा विजेता, सिवनी उपविजेता

**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में संभाग स्तरीय पिट्ठू (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ. प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत छिंदवाड़ा, बालाघाट, पाण्डुर्ना तथा सिवनी जिले के खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया.



फाइनल मुकाबला छिंदवाड़ा एवं सिवनी के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद छिंदवाड़ा ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि सिवनी की टीम उपविजेता रही. प्रतियोगिता के आधार पर पुरुष एवं महिला वर्ग में छिंदवाड़ा परिक्षेत्र की पिट्ठू टीमों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने किया. इस अवसर पर डॉ. मानसिंह बघेल, डॉ. पी.एल. सनोडिया, डॉ. पवन वासनिक एवं प्रो. के.के. बरमैया विशेष रूप से उपस्थित रहे.

प्रतियोगिता के सफल संचालन में डॉ. सोहन धुर्वे, डॉ. प्रदीप पटवारी एवं डॉ. विकास साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा. खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए वरिष्ठ खेल अधिकारी अर्चना पाठक, डॉ. कमलेश टेम्भरे, डॉ. टी.पी. सागर, डॉ. कादिर खान, डॉ. सपन जाट, डॉ. जसवंत सिंह राजपूत, डॉ. लेखराम डहेरिया, उमाशंकर वर्मा, डॉ. सौरभ सोनी, मनीष परिहार, सुधीर डेहरिया, शिवानी साहू सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### 16 फरवरी से बैतूल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के स्पोर्ट्स ऑफिसर के.सी. राउर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिट्ठू प्रतियोगिता का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं में खेल भावना का विकास करना है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय परिक्षेत्र की पुरुष एवं महिला टीम 16 फरवरी से बैतूल में आयोजित राज्य स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगी।

**आवश्यकता हैं**

दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)

समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक

संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर

70288 80502
86003 82146